कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 05.02.2022

गर्ल्स कॉलेज में निराला जयंती मनायी गई

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग द्वारा महाप्राण सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की जयंती मनायी गई।

इस अवसर पर हिन्दी विभाग द्वारा ऑनलाईन संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि आज बसंत पंचमी का दिवस हमारे अंदर एक नया उत्साह, नयी उमंग और आत्मविश्वास जगाता है। उन्होनें कहा कि ज्ञान संचय का नहीं वितरण का माध्यम है। महाकवि सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला की रचनाएँ प्रकृति का जीवन्त उदाहरण प्रस्तुत करती है। उन्होनें प्रतीकों के माध्यम से अपनी बात बड़ी ही रोचक शैली में रचनाओं के माध्यम से की है।

संगीत के विभागाध्यक्ष डॉ. मिलिन्द अमृतफले ने निराला द्वारा रचित कविता का सस्वर पाठ किया। हिन्दी विभाग की प्राध्यापक श्रीमती ज्योति भरणे ने कहा कि महाप्राण निराला का अन्तः व बाह्य व्यक्तित्व पूर्णतया जीवंत काव्य है सुख व दुःख से समन्वित उनका व्यक्तित्व शाश्वत अनुभूति है। कुकुरमुत्ता शीर्षक की कविता ''अबे सुन बे गुलाब'' में उन्होनें पूंजीपति वर्ग के प्रति अपना विरोध व आक्रोश व्यक्त किया।

हिन्दी विभाग की छात्राओं ने निराला के व्यक्तित्व एवं छवित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा रचित कविताओं का काव्यपाठ किया। जिसमें कु. डॉली, भूमि, तोमेश्वरी, ऋतु साहू, खुशबू, पूजा झा, लक्ष्मी पाटिल, सावित्री आडिल ने अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर विभागाध्यक्ष नृत्य व आभार प्रदर्शन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव विभागाध्यक्ष हिन्दी ने किया।

इस अवसर पर डॉ. अमिता सहगल, डॉ. आरती गुप्ता, डॉ. के.एल. राठी, डॉ. अनुजा चौहान, डॉ. मोनिया राकेश सिंह, डॉ. अल्पना त्रिपाठी एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक उपस्थित थे।



(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)